संख्या 8-1/2026-प्रशासन,
केंद्रीय अनुसंधान संस्थान,
कसौली, दिनांक-01/12/2025

02 DEC 2025

# सूचना

संस्थान के सरकारी आवासों के वर्ष 2026(कलैण्डर वर्ष) के दौरान आवंटन के लिए उपलब्ध होने वाले टाईप-। से टाईप-V अथवा उससे उपर के आवासों के पैनल तैयार करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

सरकारी आवास लेने के इच्छुक सभी पात्र अधिकारी/कर्मचारी आवास से सम्बंधित आवेदन प्रपत्र(जो कि संस्थान की वैबसाईट पर उपलब्ध है) भर कर दिनांक 31/12/2025 तक कार्यालय में प्रस्तुत कर दें।

पात्रता से उपर अथवा नीचे के आवास की स्वीकृति की स्थिति में प्रार्थी द्वारा नियमानुसार किराया देय होगा।

ऐसे अधिकारी/कर्मचारी जो पहले से ही अपनी पात्रता से एक टाईप कम वाले आवास में रह रहे हैं परंतु अब उच्चतर टाईप के आवास के पात्र हो गए हैं,निर्धारित तिथि तक आवेदन कर सकते है।यदि किसी आवेदक का कसौली अथवा समीपवर्ती स्थान पर अपने अथवा परिवार के किसी सदस्य के नाम से कोई मकान है,तो इस तथ्य का उल्लेख अपने आवेदन में अवश्य करें।

अपूर्ण तथा निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

वर्ष, 2025 के दौरान सरकारी आवास लेने के अथवा परिवर्तन के इच्छुक सभी कार्मिकों ने पहले आवेदन किया हो अथवा नहीं, उन सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को सरकारी आवास के लिए नया आवेदन करना होगा।

विभागाध्यक्ष,
(योजना, बजट एवं प्रशासन)